| SUBJECT | HOMEWORK ASSIGNED | CLASS |
| --- | --- | --- |
| HISTORY | पाठ-3<br>बंधुत्व, जाति तथा वर्ग<br>निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर अपनी कॉपी में लिखिए:-<br>1. महाभारत में वर्तमान में लगभग कितने श्लोक हैं?इसकी रचना कब हुई ?इसके पूरा होने में कितना समय लगा ?<br>2. वी एस सुकथांकर कौन थे? उन्होंने महाभारत को लेकर कौन सी परियोजना शुरू की ?<br>3. 'परिवार' किसे कहते हैं ?<br>4. 'कुल' और 'जाति' से आप क्या समझते हैं?<br>5. 'जाति समूह' किसे कहते हैं?<br>निम्नलिखित उत्तरों को अपनी कॉपी में लिखिए :-<br>1. महाभारत एक विशाल महाकाव्य है ,जिसके वर्तमान रूप में लगभग एक लाख से अधिक श्लोक हैं।<br>इसकी रचना लगभग 500 ईसा पूर्व से प्रारंभ हुई और इसकी रचना लगभग एक हजार वर्षों तक होती रही।<br>2. वी. एस. सुकथांकर एक प्रसिद्ध संस्कृत विद्वान थे।<br>1919 में उन्होंने एक अत्यंत महत्वाकाँक्षी परियोजना शुरू की, जिसमें अनेक विद्वानों ने मिलकर महाभारत का समालोचनात्मक संस्करण तैयार करने का जिम्मा उठाया। इसके लिए देश के विभिन्न भागों से,विभिन्न लिपियों में लिखी गई महाभारत की संस्कृत पांडुलिपियों को एकत्रित किया गया। इनमें से उन श्लोकों का चयन किया गया जो लगभग सभी पांडुलिपियों में पाए गए थे। और उनका प्रकाशन 13,000 पृष्ठों में फैले अनेक ग्रंथ खंडों में किया गया। इस परियोजना को पूरा करने में 47 वर्ष लगे।<br>इस प्रक्रिया में दो बातें विशेष रूप से उभर कर आईं।पहली ,संस्कृत के कई पाठों के अनेक अंशों में समानता थी। यह इस बात से ही स्पष्ट होता है कि समूचे उपमहाद्वीप में उत्तर में कश्मीर और नेपाल से लेकर दक्षिण में केरल और तमिलनाडु तक सभी पांडुलिपियों में यह समानता देखने में आई। दूसरी बात जो स्पष्ट हुई, वह यह थी कि कुछ शताब्दियों के दौरान हुए महाभारत के प्रेषण में अनेक क्षेत्रीय प्रभेद भी उभर कर सामने आए। इन प्रभेदों का संकलन मुख्य पाठ की पादटिप्पणियों और परिशिष्टों के रूप में किया गया। 13,000 पृष्ठों में से आधे से भी अधिक इन प्रभेदों का ब्यौरा देते हैं।<br>3. पारिवारिक रिश्ते 'नैसर्गिक' और रक्त संबद्ध माने जाते हैं।किंतु आपने देखा होगा कि सभी परिवार एक जैसे नहीं होते: पारिवारिक जनों की गिनती, एक दूसरे से उनका रिश्ता और उनके क्रियाकलापों में भी भिन्नता होती है।कई बार एक ही परिवार के लोग भोजन और अन्य संसाधनों का आपस में मिल-बाँट कर इस्तेमाल करते हैं ,एक साथ रहते हैं और काम करते हैं और अनुष्ठानों को साथ ही संपादित करते हैं ।परिवार एक बड़े समूह का हिस्सा होते हैं ,जिन्हें हम संबंधी कहते हैं ।<br>4. संस्कृत ग्रंथों में 'कुल' शब्द का प्रयोग परिवार के लिए और 'जाति' का बांधवों के बड़े समूह के लिए होता है।पीढ़ी-दर-पीढ़ी किसी भी कुल के पूर्वज इकट्ठे रूप में एक ही वंश के माने जाते हैं।<br>5. परिवार एक बड़े समूह का हिस्सा होते हैं।जिन्हें हम संबंधी कहते हैं।तकनीकी भाषा का इस्तेमाल करें तो हम संबंधियों को 'जाति समूह' कह सकते हैं। पारिवारिक रिश्ते नैसर्गिक और रक्त संबद्ध माने जाते हैं।किंतु इन संबंधों की परिभाषा अलग-अलग तरीके से की जाती है।कुछ समाजों में भाई- बहन जो कि चचेरे और मौसेरे होते हैं ,उनसे खून का रिश्ता माना जाता है। जबकि कुछ समाज ऐसा नहीं मानते।<br>निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर अपनी कॉपी में लिखिए:-<br>1. पितृवंशिकता और मातृवंशिकता क्या है ?प्राचीन राजवंशों में पितृवंशिकता का अनुसरण किस प्रकार होता था ?<br>2. पितृवंशिकता में जहाँ पुत्र महत्वपूर्ण थे,वहीं पुत्रियों के साथ किस प्रकार का व्यवहार किया जाता था?<br>3. अंतर्विवाह और बहिर्विवाह से आप क्या समझते हैं?<br>4. बहुपत्नी प्रथा और बहुपति प्रथा क्या है?<br>5. ब्राह्मणों को आचार संहिता की रचना क्यों करनी पड़ी? इसका अनुसरण ब्राह्मणों के लिए बाध्यकारी क्यों था? इनके रचनाकाल और सबसे महत्वपूर्ण ग्रंथ का नाम बताइए।<br>निम्नलिखित उत्तरों को अपनी कॉपी में लिखिए:-<br>1. पितृवंशिकता का अर्थ है वह वंश परंपरा जो पिता के पुत्र फिर पौत्र ,प्रपौत्र आदि से चलती है।<br>मातृवंशिकता शब्द का इस्तेमाल हम तब करते हैं जहाँ वंश परंपरा माँ से जुड़ी होती है।<br>अधिकतर प्राचीन राजवंश पितृवंशिकता प्रणाली का अनुसरण करते थे।हालाँकि इस प्रथा में विभिन्नता थी, कभी पुत्र के न होने पर एक भाई दूसरे का उत्तराधिकारी हो जाता था,तो कभी बंधु-बांधव सिंहासन पर अपना अधिकार जमाते थे।कुछ विशिष्ट परिस्थितियों में स्त्रियाँ जैसे : प्रभावती गुप्त सत्ता का उपभोग करती थीं।<br>2. पितृवंशिकता में जहाँ पुत्र महत्वपूर्ण थे वहीं पर पुत्रियों के प्रति अलग दृष्टिकोण रखा जाता था। पैतृक संसाधनों पर उनका कोई अधिकार नहीं था।अपने गोत्र से बाहर उनका विवाह कर देना ही अपेक्षित था। इस प्रथा को बहिर्विवाह पद्धति कहते हैं और इसका तात्पर्य यह था कि ऊँची प्रतिष्ठा वाले परिवारों की कम उम्र की कन्याओं और स्त्रियों का जीवन बहुत सावधानी से नियमित किया जाता था जिससे 'उचित' समय और 'उचित' व्यक्ति से उनका विवाह किया जा सके। इसका प्रभाव यह हुआ कि 'कन्यादान' अर्थात विवाह में कन्या की भेंट को पिता का महत्वपूर्ण धार्मिक कर्तव्य माना गया।<br>3. अंतर्विवाह में वैवाहिक संबंध समूह के मध्य ही होते हैं ।यह समूह एक गोत्र कुल अथवा एक जाति या फिर एक ही स्थान पर बसने वालों का हो सकता है।<br>बहिर्विवाह गोत्र से बाहर विवाह करने को कहते हैं ।<br>4. बहुपत्नी प्रथा एक पुरुष की अनेक पत्नियाँ होने की सामाजिक परिपाटी है।<br>बहुपति प्रथा एक स्त्री के अनेक पति होने की पद्धति है ।<br>5. छठी शताब्दी ईसा पूर्व के आसपास नए नगरों के उद्भव से सामाजिक जीवन अधिक जटिल हुआ। यहाँ पर निकट और दूर से आकर लोग मिलते थे और वस्तुओं की खरीद-फरोख्त के साथ ही इस नगरीय परिवेश में विचारों का भी आदान-प्रदान होता था।संभवतः इस वजह से आरंभिक विश्वासों और व्यवहारों पर प्रश्नचिन्ह लगाए गए।इस चुनौती के जवाब में ब्राह्मणों ने समाज के लिए विस्तृत आचार संहिताएँ तैयार कीं। ब्राह्मणों को इन आचारसंहिताओं का विशेष पालन करना होता था और बाकी समाज को भी इसका अनुसरण करना पड़ता था।ब्राह्मण संभवतः जाति प्रथा में सर्वोच्च होने के कारण और इन नियमों के नियामक होने के कारण इन आचार संहिताओं का पालन करने के लिए बाध्य थे।लगभग 500 ईसा पूर्व से इन मानदंडों का संकलन धर्मसूत्र व धर्मशास्त्र नामक संस्कृत ग्रंथों में किया गया। इसमें सबसे महत्वपूर्ण मनुस्मृति नाम का ग्रंथ है।जिसका संकलन लगभग 200 ईसा पूर्व से 200 ईसवी के बीच हुआ था। | XII B |

| | | |
|---|---|---|
| PHYSICAL EDUCATION | (Write and learn)<br>Lesson - 1- sports management and committees<br>2- children and women athelete<br>Q1- write question and answer of chapter ending test<br>Q2- draw the cyclic and staircase method<br>Q3- explain the following terms with its causes and prevention<br>Kyphosis<br>Lordosis<br>Scoliosis<br>Knocknee<br>Flatfoot<br>Q4- write the rules of byes | XII B |
| ECONOMICS | Answer the following questions:<br>1.What are the four factors of production and what are the remunerations to each of these called?<br>2.Why should the aggregate final expenditure of an economy be equal to the aggregate factor payments? Explain.<br>3. Distinguish between stock and flow. Between net investment and capital which is a stock and which is a flow? Compare net investment and capital with flow of water into a tank.<br>4.What is the difference between planned and unplanned inventory accumulation? Write down the relation between change in inventories and value added of a firm. 5.Write down the three identities of calculating the GDP of a country by the three methods. Also briefly explain why each of these should give us the same value of GDP. 6. Define budget deficit and trade deficit. The excess of private investment over saving of a country in a particular year was Rs 2,000 crores. The amount of budget deficit was (–) Rs 1,500 crores. What was the volume of trade deficit of that country?<br>7. Suppose the GDP at market price of a country in a particular year was Rs 1,100 crores. Net Factor Income from Abroad was Rs 100 crores. The value of Indirect taxes Subsidies was Rs 150 crores and National Income was Rs 850 crores. Calculate the aggregate value of depreciation.<br>8.Write down some of the limitations of using GDP as an index of welfare of a country.<br>9. Distinguish between<br>Final goods and intermediate goods<br>Consumption goods and capital good<br>10. What are the different types of consumption goods? | XII B |
| HINDI | 1-अनुच्छेद लेखन<br>आतंकवाद व उसका निदान<br>स्वच्छता अभियान<br>मोबाइल की उपयोगिता<br>2-पाठ -1 आत्म परिचय, भक्तिन के प्रश्नोंत्तर याद करना।<br>3-पत्रकारीय लेखन के विविध आयाम पर प्रश्नोत्तर लिखना। | XII B |
| MUSIC | १. कण और मुर्की का वर्णन कीजिए व याद कीजिए।<br>२. ताल धमार का दुगुन तिगुना लिखिए।<br>३. ताल झपताल का दुगुन चौगुन लिखिए।<br>४. तानपुरा का चित्र बनाकर उसके अंगों का वर्णन कीजिए।<br>५. तानपुरा मिलने की विधि का वर्णन कीजिए। | XII B |